# विवाह सलाह (2 का भाग 1)

**रेटिंग:**

**विवरण:** ?? ????????? ?? ??? ??? ?? ???? ?????? ????? ?????

**श्रेणी:** पाठ > सामाजिक बातचीत > विवाह

**द्वारा:** Imam Mufti (© 2012 NewMuslims.com)

**प्रकाशित हुआ:** 08 Nov 2022

**अंतिम बार संशोधित:** 07 Nov 2022

उद्देश्य:

- सूचीबद्ध करना कि शादी के बारे में सोचने से पहले एक नए मुसलमान को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अरबी शब्द:

- *????????? ?????????* - मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना
- *??????????* - ईश्वर की इच्छा, अगर ईश्वर ने चाहा। यह एक अनुस्मारक और स्वीकृति है कि अल्लाह की इच्छा के बिना कुछ भी नहीं होता है।

## सबसे पहले जानने योग्य बातें



इस लेखक की राय में सबसे उपयोगी सलाह में से एक यह है कि एक नए मुसलमान को इस्लाम में एक बार में एक ही कदम बढ़ाना चाहिए। यह जीवन जीने का एक समग्र तरीका है जिसे समायोजित करने के लिए समय चाहिए। कई लोगों को गैर-इस्लामिक व्यवहार छोड़ने में वर्षों लग सकते हैं, लेकिन इस्लाम से जुड़े रहने से इस जीवन में और आने वाले जीवन में खुशी मिलती है। इसलिए अपने आप को एक मुस्लिम के रूप में विकसित होने का समय दें और जो आप सीखते हैं उसका पालन करें।

यह लेखक एक नए मुसलमान को शादी करने के बारे में सोचने से पहले कम से कम एक साल और संभवतः इससे ज्यादा इंतजार करने की सलाह देता है। शादी एक बड़ा फैसला है और जीवन बदलने वाला यह फैसला लेने से पहले खुद को पर्याप्त समय देना चाहिए। इस्लाम अपनाने के बाद आपके कई विचार बदल जाएंगे। विवाह आपके जीवन के लिए एक दिशा निर्धारित करेगा और यह निर्धारित करेगा कि आप जीवन में बाद में अपनी पहचान कैसे बनाते हैं। जो आज आपको स्वीकार्य लगता है, हो सकता है कि मुसलमान बनने के कुछ वर्षों के बाद वह स्वीकार्य न हो। तुरंत शादी करने की सोचने के बजाय, न केवल इस्लाम को सीखें बल्कि इसे जीने के लिए खुद को कुछ समय दें। आप किसी ऐसे व्यक्ति से शादी करना चाहेंगे जो इस्लाम के प्रति आपके जैसा ही समर्पित हो। मुस्लिम बनने के प्रारंभिक वर्षों में उस स्तर में उतार-चढ़ाव होगा।

कई बार एक नया मुसलमान इस्लाम अपनाने के बाद खुद को अकेला महसूस करता है, इसलिए साथी की तलाश में बहुत जल्दी शादी करने से आमतौर पर जल्दी तलाक और रिश्तों मे कड़वाहट आ जाती है। लोग अक्सर यह भूल जाते हैं कि शादी के लिए वित्तीय और भावनात्मक स्थिरता की आवश्यकता होती है।

अपने नए धर्म के लिए एक स्थिर आधार स्थापित करने के बाद, आप इस्लाम में विवाह का विवरण जान सकते हैं।

# एक मुस्लिम जीवन साथी ढूंढना

आपकी रचना का उद्देश्य क्या है? यह अल्लाह की पूजा करना और उसके करीब आना है। नतीजतन, एक साथी चुनें जो आपकी रचना के उद्देश्य को पूरा करने में आपकी मदद करे। भावी साथी में उन चीज़ों को नज़रअंदाज़ न करें जो आने वाले जीवन में आपकी सहायता करेंगे। इस तरह, इंशाअल्लाह, आपकी शादी धन्य हो जाएगी।

गौर कीजिए कि आपका संभावित साथी कितनी गंभीरता से अल्लाह के करीब आने की कोशिश करता है, न कि यह कि वह शारीरिक रूप से कितना आकर्षक दिखता है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि शादी करने के लिए एक निश्चित स्तर का शारीरिक आकर्षण होना जरूरी है। इसके अलावा, सिर्फ इसलिए कि कोई अच्छा मुस्लिम बनने की पूरी कोशिश कर रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वे दोष-रहित हैं या शादी के लिए भी उपयुक्त हैं। पर्याप्त पूछताछ करनी चाहिए।

एक नया मुसलमान बहुत सारी ऐसी पूर्वकल्पित धारणाओं और विचारों के साथ इस्लाम में प्रवेश करता है जो उनके दृष्टिकोण को आकार देते हैं कि वे चीजों को कैसे देखते हैं। पश्चिमी संस्कृति विवाह को डेटिंग या कई लोगों के साथ रहने के बाद भी एक व्यक्ति के प्रति प्रतिबद्धता मानती है, यह जानते हुए कि वह "सही" व्यक्ति है। इस्लामी अवधारणा बहुत अलग है। उदाहरण के लिए, इस्लाम में आप

आमतौर पर शादी से पहले "प्यार में नहीं पड़ते", बल्कि शादी के बाद प्यार होता है। इस्लाम में, विवाह केवल रोमांटिक प्रेम का परिणाम नहीं है जो शुरुआत में तो बहुत होता है लेकिन बाद में निराशा होती है। पश्चिम में, जितनी जल्दी लोग "प्यार में पड़ते हैं," उतनी जल्दी ही वे "प्यार से बाहर आ जाते हैं!" पश्चिम में, लोग कल्पना करते हैं कि उनका "हनीमून चरण" हमेशा रहेगा। ऐसा कभी नहीं होता है। इसलिए वे लोग रोमांच बनाए रखने की कोशिश में एक साथी से दूसरे साथी के बीच झूमते रहते हैं।

दूसरी ओर, इस्लाम हमें "हनीमून चरण" समाप्त होने के बाद भी एक साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। यह आपको जीवन भर स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश देता है। प्यार निश्चित रूप से एक इस्लामी विवाह का हिस्सा है, लेकिन यह उस प्रकार का नही है जो फिल्मों और रोमांस उपन्यासों में दिखाया जाता है। केवल फिल्मों और उपन्यासों में मौजूद रोमांटिक प्रेम की तलाश में अपने जीवन को नष्ट करना समझदारी नहीं है।

# विवाह में सामान्य ज्ञान

1. अल्लाह हमें चेतावनी देता है,

**“तथा अविश्वासी स्त्रियों से तुम विवाह न करो, जब तक वे विश्वासी न हो जाएं...यद्यपि वह तुम्हारे मन को भा रही हो और अपनी स्त्रियों का विवाह अविश्वासिओं से न करो, जब तक वे विश्वासी न हो जाएं...यद्यपि वह तुम्हें भा रहा हो। वे तुम्हें अग्नि की ओर बुलाते हैं...” (क़ुरआन 2:221)**

आप जिस व्यक्ति के साथ अपना बाकी का जीवन जियेंगे, वह निस्संदेह आप पर बहुत प्रभाव डालेगा। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप दोनो के जीवन का लक्ष्य समान हो। उन लक्ष्यों में सबसे ऊपर अल्लाह की खुशी की तलाश होनी चाहिए। जब आप अपने भावी जीवनसाथी से मिलें, तो प्रश्न पूछें। सिर्फ इसलिए कि कोई पुरुष धार्मिक दिखता है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह धूम्रपान नहीं करता है या नियमित रूप से समय पर प्रार्थना करता है। इसी तरह अगर कोई महिला धार्मिक दिखती है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह एक अच्छी मुस्लिम पत्नी और मां बन सकती है। उन बातो को पूछें जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। किसी को देख के भरोसा नही करना चाहिए। वित्तीय मामले, बच्चे, ससुराल वाले, शादी के बाद काम या पढ़ाई, कामों के बंटवारे, या वो सब जो आपके लिए महत्वपूर्ण है, उन पर चर्चा करें। इससे आपको यह निर्णय लेने में मदद मिलेगी कि आप उस व्यक्ति से शादी करना चाहते हैं या नहीं।

शादी से पहले व्यक्ति के बारे में पता लगाना गैर-इस्लामी नही है। जानकारी से लिया हुआ निर्णय आपको बाद के दर्द और पीड़ा से बचाएगा। इसके अलावा, इस्तखिारा प्रार्थना (मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना) करें।[1]

2. शादी के बाद किसी व्यक्ति में बड़े बदलाव की उम्मीद न करें। लोग समय के साथ बदलते हैं, और अक्सर वे उस तरह नहीं बदलते जैसा हम उनसे उम्मीद करते हैं या चाहते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति में कंजूसी या व्यर्थता जैसी कोई विशेष व्यक्तित्व विशेषता है, तो उसके जल्दी और आसानी से बदलने की संभावना नहीं है। झूठी उम्मीदों के साथ शादी करना गलत और जोखिम भरा है। जीवन में बाद में किसी की शारीरिक खामियों के लिए उसकी आलोचना न करें। यह आपकी शादी को बर्बाद कर देगा। दूसरों और अपने साथ ईमानदार रहें और अपनी पसंद की जिम्मेदारी लें। एक शुरूआती चुनाव यह तय करेगा कि एक सुखी वैवाहिक जीवन जीने और अपने निर्माता (अल्लाह) को खुश करने के लिए बाद में अपनी शादी में आपको कितना प्रयास करना पड़ेगा।

दंपति को बच्चा पैदा करने से पहले भी अच्छी तरह से सोच लेना जरूरी है। बच्चा पैदा करने की कोशिश तभी करनी चाहिए जब आपका वैवाहिक संबंध स्वस्थ और स्थिर हो। बहुत से लोग सिंगल माता-पिता बन जाते हैं, बच्चों को एक ऐसे बेकार परिवार में लाते हैं जहां या तो पिता नहीं होता है या मां नही होती है।

3. दो लोग अच्छे मुसलमान हैं इसका मतलब यह नहीं है कि वे एक अच्छी जोड़ी बनेंगे। अनुकूलता जरूरी है। ऐसा जीवनसाथी चुनना महत्वपूर्ण है जो इस्लाम को आपकी तरह ही देखता हो और उसका पालन करता हो। इसके अलावा, धर्म अनुकूलता का एकमात्र क्षेत्र नहीं है। कार्य, सतत शिक्षा, समाजीकरण, निवास का शहर, बच्चे और वित्त भी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से हैं।

4. समझें कि एक मुस्लिम पति या पत्नी के रूप में आपके अधिकार और जिम्मेदारियां क्या हैं और उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करें।

5. अंत में, नए मुस्लिमों का अपने लिए एक रोल मॉडल तलाश करना फायदेमंद है। उनके रोल मॉडल इस्लाम के अनुसार जो काम करते हैं उसका पालन करें और बाकी को छोड़ दें।

---

फुटनोट:

[1] इस्तखिारा के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: http://www.newmuslims.com/lessons/163/

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।